# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद–1

निविदा संख्या:दो–46–2015 दिनांक:जनवरी , 2016

**–: निविदा सूचना :–**

निम्नलिखित वर्दी वस्तुओं के क्रयार्थ प्रत्येक आइटम के लिये अलग–अलग टेक्निकल एवं वित्तीय भाव पत्र पृथक–पृथक मुहरबन्द अल्पकालिक निविदा आमन्त्रित की जाती है :–

| क्र0सं0 | वर्दी वस्तु का नाम | संख्या | प्रतिभूति राशि | टेण्डर फीस | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खाकी पगड़ी क्लाथ | 268635 मीटर | 63,560 | 300 | उ0प्र0पुलिस केन्द्रीय भण्डार कानपुर |
| 2 | खाकी वेब पाउच ट्रिपिल | 40376 अदद | 23,520 | 300 | |

2– उपरोक्त वर्दी वस्तुओं की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मे निर्धारित अवधि के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में टेण्डर फीस रू0–300/– नगद जमाकर निविदा फार्म मय टेक्निकल/फाइनेन्शियल बिड शर्तो सहित प्राप्त कर सकते हैं । निविदा फार्म के साथ उपरोक्त वस्तुओं की अलग–अलग तकनीकी विशिष्टियां (स्पेशीफिकेशन) उपलब्ध करायी जायेगी। विज्ञप्ति उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.uppolice.gov.in पर उपलब्ध है । अन्य कोई जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय के मो0नं0 9454401195 पर कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है । उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय का फैक्स नं0 0532–2324661 है ।

3– प्रत्येक निविदा के साथ वर्दी वस्तु के सम्मुख दर्शायी गयी प्रतिपूर्ति राशि (EMD) जमा की जायेगी जो डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक ,बैंक गारण्टी एवं एफडीआर के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक,मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पक्ष में बनवाकर (जो इलाहाबाद में देय हो) प्रस्तुत की जायेगी । जो फर्मे प्रतिभूति राशि जमा करने से छूट के लिये दावा करती है,उन फर्मो को उन वस्तुओं जिनकी निविदायें उनके द्वारा डाली जा रही है, के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रतिभूति राशि में छूट प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र (Exemption Certificate) तकनीकी बिड के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है । प्रत्येक आइटम के लिये निविदा अलग–अलग डाली जायेगी ।

4– अधोहस्ताक्षरी न्यूनतम निविदा को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं होगें तथा किसी भी निविदा को आंशिक या पूर्णरूप से अस्वीकार करने हेतु सक्षम होगें । उपरोक्त सम्पूर्ण निविदा सूचना को भी निरस्त करने एवं क्रय किये जाने वाले

वर्दी वस्तुओं की संख्या घटाने, बढाने का भी अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में कोई वाद किसी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।

5— निविदादाता अथवा उसके द्वारा नामित प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते है।

6— फर्म द्वारा ट्रेड टैक्स/वैट रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित प्रमाण पत्र तथा 10/— के नान जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का घोषणा पत्र की भारत में स्थित किसी सरकारी संगठन द्वारा उनकी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है, टेण्डर फार्म के साथ संलग्नकर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है ।

7— निविदा खोलने की नियत तिथि को अवकाश होने पर उसकी आगामी कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी । **अल्पकालिक निविदा प्रकिया की आइटमवार समय सारिणी निम्नवत है :—**

*खाकी पगड़ी क्लाथ*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा बिक्री की प्रारम्भ की तिथि | 13.01.2016 | — |
| 2 | निविदा बिक्री की अन्तिम तिथि | 28.01.2016 | 12.00 |
| 3 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | 28.01.2016 | 13.00 |
| 4 | तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि | 28.01.2016 | 16.00 |
| 5 | तकनीकी निविदा मूल्यांकन की तिथि | 29.01.2016 | 12.00 |
| 6 | वित्तीय भाव पत्र खोले जाने व क्रय समिति की बैठक की तिथि | 02.02.2016 | 12.00 |

*खाकी वेब पाउच ट्रिपिल*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा बिक्री की प्रारम्भ की तिथि | 13.01.2016 | — |
| 2 | निविदा बिक्री की अन्तिम तिथि | 28.01.2016 | 12.00 |
| 3 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | 28.01.2016 | 13.00 |
| 4 | तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि | 28.01.2016 | 16.00 |
| 5 | तकनीकी निविदा मूल्यांकन की तिथि | 30.01.2016 | 12.00 |
| 6 | वित्तीय भाव पत्र खोले जाने व क्रय समिति की बैठक की तिथि | 02.02.2016 | 16.00 |

(अशोक कुमार)
पुलिस अधीक्षक,मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश ।